सार-समाचार

बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट बताया

जालोर, (कासं)। क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल सिरोही व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सीएमएचओ कार्यालय जालोर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल सिरोही के अधिकारी ने चिकित्सा संस्थानों को बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट-2016 नियम के बारे में अवगत करवाते हुए पीपीटी के माध्यम से सुरक्षित बायोमेडिकल कचरे के प्रबंधन, नियामकीय अनुपालना और पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी दी। इस दौरान तस्वीरों के माध्यम से प्रदूषण से पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई। प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता शंकरलाल विश्नोई ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में प्रजेंटेशन दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए चिकित्सा संस्थानों की ओर से ध्यान रखने योग्य सावधानियों के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यशाला में रोजमर्रा जीवन में प्लास्टिक उपयोग को कम करने, शॉपिंग के लिए कपड़े की या जूट का बैग, पुन: उपयोग में ली जा सकने वाली पानी की बोतलें या टिफिन का उपयोग करने व सिंगल यूज कलटरी का कम उपयोग करने के बारे में जानकारी देने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किये जाने की बात कही गई। इस अवसर पर राप्रनिम सिरोही के क्षेत्रीय अधिकारी व चिकित्सा विभाग जालोर के चिकित्साकर्मी व कार्मिक उपस्थित रहे।

भामाशाह ने आंखों का शिविर लगवाया

रेवदर, (निसं)। रेवदर के पास अनादरा के राजकीय महाविद्यालय अनादरा में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन स्थानीय भामाशाह मगनलाल मेघवाल के सहयोग द्वारा ग्लोबल हॉस्पिटल आबूरोड द्वारा किया गया। जांच शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा टीम द्वारा जांच की गई जिसमें 352 मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला और उसमें से मोतियाबिंद के 52 मरीज निकले जिसमें से 44 मरीज का सफल ऑपरेशन करने हेतु ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया । शिविर में भामाशाह द्वारा सभी प्रकार की सुविधा जैसे आंखों की दवाई आंखों के नंबर के ऐनक एवं चाय नाश्ते की व्यवस्था करवाई गई। शिविर का शुभारंभ स्थानीय सरपंच गुलाब कुंवर द्वारा किया गया। शिविर में किसान सक्ति दल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह , शिविर भामाशाह समाजसेवी मगनलाल नथाजी मेघवाल,कानाराम मेघवाल समाज सेवी डायाराम मेघवाल मन्छाराम नारायणसिंह हदमतिया शिव शंकर गुलाब गंज ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, सहायक पिन्टू मेघवाल,फरजाना बानो, ट्विंकल चौधरी, नीलम,आमरीन, पुष्पा आदि उपस्थित थे। कैंप के प्रचार प्रसार में सबसे सहयोग मंडल कांग्रेस अध्यक्ष कानाराम जी का रहा जिन्होंने सबको प्रोत्साहित करके लोगों को फायदे बताए और मैनेजमेंट संभाला गया।

नशे में युवक ने ब्लेड से कट लगाए

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक युवक ने अपने हाथ और गले को ब्लेड से काट लिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। हॉस्पिटल में फिलहाल युवक का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार- पाली शहर के प्रताप नगर में रहने वाले संजय नाम के युवक ने नशे में खुद के गले और हाथ पर ब्लेड से कई बार कट लगाए। जिससे खून बहने लगा और कई जगहों से घायल हो गया। लहूलुहान हालत में परिजन युवक को लेकर सोमवार की देर शाम उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया। डॉक्टर ने बताया कि युवक के हाथ और गले में कई जगह ब्लेड के कट के निशान मिले। जिससे उसका काफी खून बहा। गनीमत रही कि युवक को गहरा घाव नहीं हुआ। हालांकि युवक ने ऐसा क्यों किया, इसको लेकर पुलिस पूछताछ जांच में जुटी है।

महिला का शव गुलाब सागर में मिला

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के प्रतापनगर स्थित गुजराती कॉलोनी में रहने वाली एक महिला का शव गुलाब सागर में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही के बाद में उसका शव परिजनों को सौंपा। सदर कोतवाली थाने में इस बाबत मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। सदर कोतवाली पुलिस ने बताया कि गुलाब सागर में एक महिला शव का मिल है। उसकी पहचान गुजराती कॉलोनी, प्रतापनगर निवासी 46 वर्षीय गुड्डी पत्नी मुकेश तेजी के रूप में की गई। वह अपने घर से निकली थी। परिजन ने उसकी तलाश की मगर वह नहीं मिली थी। पुलिस ने उसकी पहचान के बाद शव को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया। संभवत: पैर फिसलने से वह गुलाब सागर में गिरी होगी। मामले में अठिाम जांच जारी है। इस बारे में पंचोलिया नाडी प्रतापनगर निवासी दिनेश तेजी ने रिपोर्ट दी।

लेनदेन के विवाद में युवक से मारपीट

जोधपुर, (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित एनसीबी कार्यालय के समीप एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। इनके बीच आपसी लेनदेन का विवाद बताया गया। घायल युवक के भाई की तरफ से चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने अठिाम पड़ताल आरंभ की है। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर मिल्कमैन कॉलोनी गली नंबर 9 निवासी विशाल पुत्र महेंद्र की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई चौहाबो एनसीबी कार्यालय के समीप से गुजर रहा था। तब गोविंद, देवेंद्र खींची, विक्रम, जीतू आदि ने मिलकर उसका रास्ता रोका और मारपीट की। मारपीट से उसका भाई घायल हो गया। रिपोर्ट के अनुसार इनके बीच आपसी लेन देन का विवाद चला आ रहा है। पुलिस ने मामले में जांच आरंभ की है।

विश्व हिंदू परिषछ् की बैठक आयोजित

रेवदर, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद की बैठक लुनोल कस्बे के हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार रात्रि को आयोजित हुई। जिला सह मंत्री नरेंद्र बंजारा, बिंलेश्वर मठाधीश पूरण भारती महाराज,प्रखंड उपाध्यक्ष केसर सिंह, प्रखंड मंत्री विनोद सेन, खंड उपाध्यक्ष कैलाश राजगुरु,खंड सह मंत्री गोवाराम चौधरी, धांधपुर ग्राम मंत्री जेठाराम देवासी,धांधपुर ग्राम संयोजक सतीश सेन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए बजरंग दल नगर संयोजक लक्ष्मण लोहार को दायित्व देकर संगठन का विस्तार किया साथ ही आगामी 22 जनवरी को विराट त्रिशूल दीक्षा को लेकर 3०० कार्यकर्ताओं को त्रिशूल दीक्षा करवाने का लक्ष्य दिया गया। प्रखंड मंत्री विनोद सेन ने संगठन के विस्तार को लेकर साप्ताहिक मिलन एवं बलोपासना केंद्र अधिक से अधिक चले उस पर जोर दिया।

छात्र ने घर में फंदा लगाकर दी जान

जोधपुर, (कासं)। शहर के मधुबन हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले एक छात्र ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। उसके पिता की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। मृतक अविवाहित था। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। भगत की कोठी पुलिस ने बताया कि मधुबन हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में रहने वाले 26 वर्षीय मयंक कुमार पुत्र कृष्ण कुमार ने अपने घर में फंदा लगा लिया। परिजन को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर गए, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। वह पढ़ाई करता था और अविवाहित था। उसके आत्महत्या किए जाने का कारण पता नहीं चला है।

मृत मिले युवक की पहचान हुई

जोधपुर, (कासं)। शहर के घोड़ाघाटी रावटी क्षेत्र में एक युवक सडक़ किनारे मृतावस्था में मिला। उसकी अब शिनाख्त कर शव को परिजन के सुपुर्द किया गया है। इस बारे में उसके भाई की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। सूरसागर पुलिस ने बताया कि घोड़ाघाटी रावटी क्षेत्र में रविवार को एक युवक मृतावस्था में मिला। जिस पर उसकी पहचान के प्रयास किए गए। अब उसकी शिनाख्त नागौर जिले के रूण कुचेरा निवासी 32 साल के प्रकाश पुत्र मोहनराम बावरी के रूप में की गई। उसके भाई गरीबराम ने उसकी शिनाख्त की। सूरसागर पुलिस ने शव को कार्रवाई कर सौंप दिया।

पानी के दो टैंकर चोरी के मामले दर्ज

जोधपुर, (कासं)। कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में आशापूर्णा वैली के पास से पानी के दो टैंकर चोरी हो गए। इस बारे में कुड़ी थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है। पुलिस अब टैंकर चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मूलत: केरल हाल अरिहंत अदिता गांगाणा पाल रोड पर रहने वाले प्रजीत वी. पुत्र प्रभाकर नायर ने रिपोर्ट दी कि वह एक निजी प्राइवेट कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। आशापूर्णा वैली क्षेत्र में कंपन के दो पानी के टैंकर खड़े थे जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गए।

क्रिकेट में जानिसार, वॉलीबॉल में पठान ब्रदर्स विजेता

जालोर, (कासं)। जालोर मुस्लिम समाज क्रिकेट व वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन मंगलवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच जानिसार क्लब और जुंजाणी के बीच खेला गया। जानिसर क्लब ने रोमांचक जीत दर्ज की। वही बॉलीवाल में पठान ब्रदस की टीम विजेता रही।

आयोजक नाहिद अली व अफरोज खान ने बताया कि मंगलवार को मुस्लिम समाज क्रिकेट व बॉलीवॉल प्रतियोगिता के फाईनल मैच खेले गये। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच जानिसार क्लब जालोर व आरजे 46 जुंजाणी के बीच खेला गया। जिसमें जानिसार क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जानिसार क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 रन बनाए, जिसमें इमरान खान ने 27 रन, डॉ. जोयब ने 24 रनों का योगदान दिया। जुंजाणी की ओर से रज्जाक मुंथला ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किया। जवाब में जुंजाणी की टीम ने रोमांचक मुकाबले में 106 बनाये। जिसमें परवेज ने 34 और मुस्ताक ने 24 रनों का योगदान दिया। रोमांचक फाइनल मैच में जानिसार क्लब ने रोमांचक एक रन से इस मैच को जीत कर ट्राफी पर कब्जा किया।

दूसरी तरफ वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दूसरा सेमीफाइनल मैच सुपर टीचर्स और पठान ब्रदर्स (यारू भाई) के बीच खेला गया, जिसमें पठान ब्रदर्स की टीम सेमीफाइनल मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। वॉलीबॉल का फाइनल जानिसार क्लब और पठान ब्रदर्स के बीच खेला गया। जिसमें पठान ब्रदर्स की टीम ने मैच जीत कर वॉलीबॉल प्रतियोगिता पर अपना कब्जा कर लिया।

इस अवसर पर हाजी पहाड़ खांजी मेहर, शहजाद खान, रघुवीरसिंह निबंला, नूर मोहम्मद, मौलाना सत्तार नूरी सहित मुस्लिम समाज के लोग व कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

जालोर में मुस्लिम समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जानिसार क्लब ने जीता। फोटो-राष्ट्रदूत

दो युवकों पर जानलेवा हमला, भागकर बचाई जान

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के कुड़ी भगतासनी सेक्टर 8 में एक निजी स्कूल के सामने रविवार की रात को कुछ बदमाशों ने दो युवकों पर प्राणघातक हमला किया। दोनों युवक खुद को बचाने के लिए एक कार्यालय में घुस गए। जहां पर बदमाश पहुंचे और उन्हें घसीट कर बाहर लाए और लोहे के सरिया, पाइप इत्यादि से पीटना शुरू कर दिया। घायलों का एम्स में उपचार चल रहा है।

बदमाश कार और बाइक पर सवार होकर आए थे। पुलिस ने दो तीन को नामजद कर अब जांच आरंभ की है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 23 निवासी कार्तिक श्रीमाली पुत्र दिनेश श्रीमाली की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह रविवार की रात को अपने एक मित्र विशाल सिंधी के साथ में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड से कुड़ी भगतासनी सेक्टर 8 में निजी स्कूल के सामने पहुंचा था।

यहां पर उसने अपने एक मित्र सुरेश को कमठा कार्य के लिए कॉल करने लगा तब एक काले रंग की कार और दो बाइक पर सात आठ युवक सवार होकर आए।

इन लोगों ने गाडिय़ों रोककर उन पर हमला कर दिया। तब कार्तिक और विशाल अपनी जान बचाकर भागे और नजदीक ही एक अखबार के कार्यालय में घुसकर अपनी जान बचाने का प्रयास किया। मगर बदमाश वहां भी पहुंच गए और कार्तिक के बाल पकड़ कर बाहर घसीट कर लाए और फिर लोहे के पाइप, सरिया इत्यादि से हमला किया। जिससे उसके हाथ पैरों पर गंभीर चोटें लगी। विशाल भी जख्मी हो गया। बाद में हमलावर गाडिय़ों में बैठकर भाग गए। रिपोर्ट के अनुसार हमलावरों में एक गोविंद खींची, विक्रम उर्फ विक्की सहित अन्य लोग थे। पुलिस ने इन लोगों को नामजद कर अब जांच आरंभ की है। हमले का कारण पता नहीं लगा है मगर इनके बीच आपसी विवाद होना बताया गया है।

पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से हर घर रोशन हो : चौहान

बालोतरा, (निसं)। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत छतों पर सौर ऊर्जा क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के उदेश्य से कलक्टर सभागार में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान की अध्यक्षता में सरपंचों के साथ बैठक आयोजित हुई।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से हर घर रोशन हो।

उन्होने बताया कि भारत सरकार ने 13 फरवरी 2024 को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य छतों पर सौर ऊर्जा क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाना और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाना है। 75.021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ, एक करोड़ घरों को लक्षित करने वाली यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू की गई है। योजना के तहत 5 हजार से अधिक आबादी के गांवों को आदर्श सौर गांव के रूप में विकसित किया जायेगा। जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के तहत सभी गांव विद्युत क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

जोधपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल ने योजना के बारे में बताते हुए कहा कि उदेश्य जिले के 5 हजार से अधिक आबादी के गांवों को सौर ऊर्जा से जोडना तथा भारत में सौर छतों के उपयोग को बढावा देना, गांवों में स्वच्छ ऊर्जा की पहुंच सुश्चित करना, ग्रामीण समुदायों को उनकी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अधिक आत्मनिर्भर बनने के लिए सशक्त बनाना तथा स्थानीय स्तर पर बिजली पैदा करके और कंपनियों पर निर्भरता कम कर ऊर्जा बिलों पर पैसे बचाने में उनकी मदद करना है।

योजना के तहत प्रत्येक आदर्श गांव के लिए 1 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता का प्रावधान है।

योजना का कार्यान्वयन संबंधित राज्य की राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा किया जायेगा।

उन्होंने सभी सरपंचो से पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने गांव में सभी घरों का पंजीयन करवाने एवं हर घर को बिजली से रोशन करने की अपील की।

नेत्र चिकित्सा शिविर करवाने पर सोलंकी परिवार का स्वागत

जालोर में स्व.मांगीलाल परिवार की ओर से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित करवाने पर सोलंकी परिवार का बहुमान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व.मांगीलाल सोलंकी परिवार की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर जालोर, सायला, आहोर और धनसा में आयोजित होने के दौरान डॉक्टर नरपत सोलंकी बेंगलुरु द्वारा जांच कर ऑपरेशन किए गए। सोलंकी परिवार का मंगलवार को निशुल्क शिविर आयोजित करवाने पर बहुमान किया गया।

सोलंकी परिवार की ओर से सेवा का यह सिलसिला कई सालों से चल रहा है। जिसमें रोगी के ठहरने की, खाने की, दवाइयां की, चश्मा आदि की, सारी व्यवस्था सोलंकी परिवार की ओर से निशुल्क की जाती है। जब भी नेत्र चिकित्सा कैंप लगता है, पूरा परिवार लोगों की सेवा में लग जाता है।

इस परिवार के हर वर्ष सेवा भाव को देखते हुए आज राजेंद्र सोलंकी पुत्र मांगीलाल सोलंकी चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं उनकी पत्नी मंजू सोलंकी भारतीय महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जालोर, डॉ. नरपत सोलंकी का आहोर, जालोर, सायला, धनसा वासियों ने जैन दादावाडी में एक प्रोग्राम कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोमेंटो एवं सॉल भेटकर इनका सम्मान किया। डॉ.नरपत सोलंकी की दृष्टि आई हॉस्पीटल बैगलुरु की टीम का भी स्वागत किया गया।

महावीर, कंकू चोपडा, कांतिलाल, जयंतीलाल, मुकेश राठी, सोहन लाल, प्यारे लाल, मांगीलाल आदि मौजूद रहे।

मंत्री जोराराम कुमावत पाली के दौरे पर रहेंगे

पाली, (नि.सं.)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत जिले की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री कुमावत एक जनवरी को सुमेरपुर के स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस पाली में करेंगे। वे 2 जनवरी को पाली से रवाना होकर प्रात: 9 बजे सुमेरपुर पहुंचेगे जहां वे भांगेसर, बानियावास, लाम्बिया, हेमावास ठाम पंचायतों के विकास कार्यो के उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे।

वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। मंत्री कुमावत 3 जनवरी को प्रात: 9 बजे सुमेरपुर पहुंच गुडा एंदला, डिंगाई, जेतपुरा, चांचोड़ी ठाम पंचायतों के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सुमेरपुर में करेंगे। वे 4 जनवरी को प्रात: 10 बजे सुमेरपुर के बालराई, किरवा, माण्डल ठाम पंचायतों के विकास कार्यो के उद्घाटन, शिलान्यस कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सुमेरपुर में करेंगे। वे 5 जनवरी को ढोला सुमेरपुर प्रात: 9 बजे पहुंचेगे तथा ढोला ठाम पंचायत के विकास कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे इसके पश्चात प्रात: 11 बजे लाम्बिया में गुलारामजी महाराज मेला कार्यक्रम में भाग लेंगे।

भागवत कथा का मूल मंत्र सदाचार है : संत अनुभवदास

जोधपुर, (कासं)। सिवांचीगेट स्थित चांदाजी की गड्डी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को पूर्णआरती पश्चात् समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद का संत अनुभवदास महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया।

कथा व्यास ने कहा भागवत कथा का मूल मंत्र सदाचार है। जो इसे अपना लेता है, समाज उसे सम्मानित करता है। ऐसे व्यक्ति से भगवान भी प्रेम करते हैं। भागवत कथा में भक्ति ज्ञान, वैराग्य, ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाजधर्म, स्त्रीधर्म, राजनीति का ज्ञान भरा है। उन्होंने कहा 7 दिन की कथा 7 ऋषियों के 7 ज्ञान दिवसों का प्रतीक है।

हिंदू धर्म में 7 लोक माने जाते हैं जिसमें भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्ग, मृत्युलोक, नरक, पाताल और महर्लोक 7 दिन की कथा इन 7 लोकों के रहस्यों और जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है।

इस अवसर पर अजनेश्वर धाम के गादीपति शांतेवरजी महाराज का संत अनुभवदास महाराज ने कुंकुम व माला पहनाकर स्वागत किया।

इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसवध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया।

महाराज ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेशों के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो कार्य प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। कथा के अंतिम दिन बडी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया।

कथा होने के बाद पूर्णआरती में बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अंत में उपस्थित भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

आयोजक तुषार व्यास ने बताया कि विष्णुनाथ और श्रीमती अमरकौर व्यास की स्मृति में आयोजित भागवत कथा में सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, लता पुरोहित, मधु बिस्सा, राधा, बहनाजी, प्राणनाथ, गरूड, आदर्श, राजेश व्यास मण्डल, प्राणनाथ, अनिल व्यास, रविंद्रनाथ, शकुंतला पुरोहित, पुष्पा व्यास, अनिल व्यास, कमला व्यास, तुषार व्यास, नंदिनी, चंद्रा हर्ष, सुशीला थानवी, शशि पुरोहित, उषा रामदेव, रक्षा व्यास, वेदांत व्यास, कृष्ण, शशिबाला हर्ष, कामिनी हर्ष, इंदु माथुर, कुसुम, तारा, अनिल पुरोहित, छंवरी, एनके बिस्सा, मोहन किशन व्यास, सुनिल बोडा, रामेश्वर निकूब, दुर्गाप्रसाद बोहरा, रविंद्र व्यास, सहित अनेक भक्तजन मौजूद थे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह परवाह आज से

बाड़मेर,(नि.सं.)। जिला प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत होगी। इस दौरान 31 जनवरी तक जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

जिला परिवहन अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार को सुबह 10:30 बजे जिला कलक्टर टीना डाबी एवं पुलिस अधीक्षक नरेंद्रसिंह मीना मल्लीनाथ सर्किल से दुपहिया वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा माह का शुभांरभ करेंगे। उन्होंने बताया कि जनवरी माह के दौरान सड़क सुरक्षात्मक कार्यवाही करते हुए लापरवाही एवं तेज गति से वाहन संचालन, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट, छत पर सवारी, भार वाहनों में सवारी, बिना परमिट, बिना रिफ्लेक्टिव टेप, अवैध वाहन संचालन पर पुलिस एवं परिवहन विभाग की ओर से सघन कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा ठाम स्तर पर भी सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि आईआरएडी सिस्टम के आधार पर दुर्घटना स्थानों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ब्लैक स्पॉटों का दुरस्तीकरण संबंधित रोड़ एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा।

विक्रमसिंह के नुकसान का आंकलन होगा : मंत्री चौधरी



जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने खेत में बोरवेल की खुदाई के दौरान अचानक अनियंत्रित पानी एवं गैस निकलने से बनी स्थिति का अवलोकन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जैसलमेर, (नि.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मंगलवार को जैसलमेर जिले की उप तहसील मोहनगढ़ स्थित सुथार मण्डी के 27 बीडी क्षेत्र में किसान विक्रमसिंह के खेत में बोरवेल की खुदाई के दौरान अचानक अनियंत्रित पानी एवं गैस निकलने से आपदा की स्थिति का अवलोकन किया एवं वास्तविक स्थिति देखी।

इस दौरान जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश शारदा भी साथ थे।

जलदाय मंत्री ने कहा कि बोरवेल खुदाई के दौरान अचानक प्रेशर के साथ निकले पानी व गैस की जांच भी कराई जाएगी एवं इसके कारणों का पता लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने भी मुस्तैदी के साथ उचित कार्यवाही की है। उन्होंने कहा कि किसान विक्रमसिंह के इस आपदा के कारण खेत पर हुए नुकसान का भी आंकलन कराया जाएगा एवं सहयोग भी दिया जाएगा।

गडरारोड का सव रिसेटलमेंट होगा

बाड़मेर, (नि.सं.)। भारत सरकार के डिजीटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉर्डनाइजेशन प्रोगाम के तहत प्रथम चरण की तहसील गडरारोड में सर्वे रिसर्वे रिसेटलमेंट का कार्य शुरू किया जा रहा है।

उपखंड अधिकारी हनुमाना राम ने बताया कि इसमें भू-प्रबंध विभाग की टीम तथा राजस्व विभाग नवीन तकनीकी से सर्वे रिसर्वे का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि डीजीपीएस मशीन से खसरों की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। साथ ही हाई रिजाल्यूशन सेटेलाइट इमेजरी पर सुपर इम्पोज के जरिए नया रिकॉर्ड अधिकार अभिलेख एवं नक्शा तैयार किया जाएगा। गडरारोड तहसीलदार प्रीतमसिंह भूरटिया ने बताया कि रिसेटलमेंट के बाद भूमि संबधित विवाद गलत तरमीम, ओवर लेप, अतिक्रमण, रास्तों से संबधित विवाद में कमी आएगी तथा सर्वे के दौरान सेटलमेंट टीम विवादित खसरो में जाकर आरटीके के प्वाइंट उठाएगी। काश्तकारों से आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर लेगी।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी खातेदार सर्वे-रिसर्वे टीम को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। अपने खेतो की मांडो, सेढो, सीमाओं को सही रखें एंव आगामी दिनों में ग्राम पंचायत मुख्यालय में होने वाली ग्राम सभाओ में भाग लेवे और अपनी जमीन खेत को सही अंकन कराए। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा में तहसीलदार, भू.अ. निरीक्षक, सेटलमेंट पटवारी, हल्का पटवारी, ग्रामसेवक, सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान सर्वे रिसर्वे के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

सर्वे-रिसर्वे का कार्य उप तहसील के भू अभिलेख निरीक्षक वृत बालेवा के ग्राम पंचायत फोगेरा एवं ग्राम पंचायत दुधोडा से शुरू किया जाएगा। आगामी शनिवार 4 जनवरी को ग्राम पंचायत मुख्यालय दुधोडा में सुबह 10 बजे एवं फोगेरा में दोपहर 12 बजे ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

आम सूचना

हस्ब हिदायत मेरे मुव्वकिलान श्री शंकरलाल, श्री बाबुलाल पुत्रगण स्व. फूसाराम व श्रीमती ज्योति देवी पत्नि स्व. गणेशाराम पुत्र स्व .फूसाराम , जातियान कुम्हार, निवासीगण इन्द्रापुरी कॉलोनी जालोर के जरिये हर आम व खास को आगाह किया जाता है कि उपरोक्त मेरे मुव्वकिलान का प्लॉट जालोर की आबादी भुमि इन्द्रापुरी कॉलोनी, जालोर मे आया हुआ है । उक्त आवसीय प्लॉट सं H 9 का पट्टा कार्यालय नगरपालिका मण्डल जालोर (राज.) का श्री तेजा पुत्र श्री पन्ना के नाम से जारी किया हुआ है । जिसका कुल क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट है । तत्पश्चात श्री चुन्नीलाल स्व. तेजाजी एंव श्री शंकरलाल, बाबुलाल पुत्रगण स्व. फूसाराम व सुरेश व सौरभ पुत्रगण स्व. गणेशाराम जरिये कुदरती वली माता ज्योति देवी पत्नि स्व. गणेशाराम पुत्र स्व. फूसाराम द्वारा जरिये विभाजन विलेख बंटवारा दिनांक 03.05.2019 को विभाजन किया गया है । इस प्रकार श्री शंकरलाल, श्री बाबुलाल पुत्रगण स्व. फूसराम व श्रीमती ज्योति देवी पत्नि स्व. गणेशाराम पुत्र स्व. फूसाराम के उक्त आवासीय प्लॉट सं H 9 का क्षेत्रफल 80x25 =2000 वर्गफीट अर्थात 185.87 वर्गमीटर का नांमातरण चाहा गया है । उक्त आवासीय प्लॉट के अडौस - पडौस निम्ननुसार है -

उत्तर :- श्री चुन्नीलाल का हिस्सा , यह भुजा 80 फीट है ।
दक्षिण :- श्री मोतीजी / खसाजी का मकान, यह भुजा 80 फीट है।
पूर्व :- जेठाराम / खसाजी का मकान, यह भुजा 25 फीट है ।
पश्चिम :- 30 फीट चौडा आम रास्ता, यह भुजा 25 फीट है ।

अत: सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इनके स्वामित्व, कब्जे बाबत उक्त दस्तावेज के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति , बैक व वित्तीय संस्था को कोई भी आपति हो तो 7 दिवस की अवधी में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित के मय दस्तावेज निम्नहस्ताक्षरकर्ता से नीचे लिखे पते सम्पर्क कर प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि के बाद प्रस्तुत आपति स्वीकार नही की जावेगी । सो सुचित रहें ।

इति दिनांक -30/12/2024

ओमप्रकाश चौधरी एडवोकेट जालोर
सी -11 शिवाजी नगर जालोर
मो. नं 9413501832